*RNI : MEGHIN/00011/2017* **नेहू ज्योति** *ISSN : Applied*

**(हिन्दी प्रकोष्ठ की वार्षिक पत्रिका)**

***NEHU Jyoti at a glance -***

'नेहू ज्योति' पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय (North-Eastern Hill University – NEHU), शिलांग के हिन्दी प्रकोष्ठ द्वारा प्रकाशित एक प्रतिष्ठित वार्षिक पत्रिका है। इस पत्रिका का प्रथम अंक वर्ष 2013–14 में प्रकाशित हुआ था। आरंभ से ही इसका उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में हिन्दी भाषा के विकास, संवर्धन तथा साहित्यिक-सांस्कृतिक चेतना को प्रोत्साहित करना रहा है। प्रारंभिक चरण में कुछ प्रशासनिक एवं तकनीकी कारणों से वर्ष 2014–15 तथा 2015–16 में इसका प्रकाशन संभव नहीं हो सका, किंतु वर्ष 2016–17 से इसे पुनः नियमित रूप से प्रकाशित किया जाने लगा। तब से यह पत्रिका निरंतर प्रकाशित हो रही है तथा प्रत्येक वर्ष अपने विषय-वस्तु, गुणवत्ता और उपयोगिता के कारण पाठकों, शोधार्थियों और साहित्यकारों के मध्य अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रही है।

'नेहू ज्योति' केवल एक वार्षिक पत्रिका नहीं, बल्कि पूर्वोत्तर भारत और शेष भारत के मध्य भाषा, साहित्य, संस्कृति तथा ज्ञान-विज्ञान के सेतु के रूप में कार्य करने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। इसका प्रमुख उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में हिन्दी भाषा का प्रचार-प्रसार करना, विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों तथा नवोदित लेखकों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें एक प्रतिष्ठित प्रकाशन मंच उपलब्ध कराना है। इस पत्रिका के माध्यम से नए लेखकों को अपनी लेखन-क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है, वहीं स्थापित विद्वानों के शोधपरक एवं विचारोत्तेजक लेख भी इसमें प्रकाशित किए जाते हैं। इस प्रकार यह पत्रिका अनुभवी और नवोदित दोनों प्रकार के रचनाकारों के मध्य एक सृजनात्मक संवाद स्थापित करती है।

पत्रिका में विशेष रूप से पूर्वोत्तर भारत से संबंधित सामाजिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक, भाषायी, लोकसांस्कृतिक, जनजातीय, पर्यावरणीय तथा वैज्ञानिक विषयों पर आधारित मौलिक एवं शोधपरक लेखों को प्राथमिकता दी जाती है। इसके अतिरिक्त हिन्दी भाषा एवं साहित्य, भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं, शिक्षा, अनुवाद, समकालीन विमर्श, महिला अध्ययन, जनजातीय ज्ञान-परंपरा, पर्यावरण संरक्षण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे विविध विषयों पर भी उच्चस्तरीय लेख प्रकाशित किए जाते हैं। पत्रिका का प्रयास रहता है कि पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक विविधता, भाषाई समृद्धि तथा लोकजीवन की विशिष्टताओं को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक पहचान मिले तथा हिन्दी के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों के बीच बौद्धिक एवं सांस्कृतिक संवाद को सुदृढ़ किया जा सके।

पत्रिका की शैक्षणिक विश्वसनीयता एवं प्रकाशनों की प्रमाणिकता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2017** में इसे आर.एन.आई. (Registrar of Newspapers for India) से MEGHIN/00011/2017 पंजीकरण संख्या प्राप्त हुई। इस पंजीकरण के पश्चात पत्रिका में प्रकाशित लेखों को अधिक आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई तथा इसके प्रकाशन की विश्वसनीयता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। समय के साथ पत्रिका ने अपने संपादकीय मानकों में निरंतर सुधार किया है। इसी क्रम में वर्ष 2025 में इसका रिव्यू (समीक्षित) अंक भी प्रकाशित किया गया, जिससे यह शोध एवं अकादमिक लेखन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। वर्तमान में पत्रिका के लिए आई.एस.एस.एन. (International Standard Serial Number) प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रगति पर है। आई.एस.एस.एन. प्राप्त होने के

पश्चात पत्रिका की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान और अधिक सुदृढ़ होगी तथा इसके लेखों का उद्धरण, अनुक्रमण (Indexing) एवं शोध कार्यों में उपयोग और भी प्रभावी रूप से किया जा सकेगा।

पत्रिका के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक अंक की प्रतियाँ पूर्वोत्तर भारत के विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त देश के विभिन्न केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, राष्ट्रीय पुस्तकालयों, शिक्षा मंत्रालय, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) तथा अन्य शैक्षणिक एवं शोध संस्थानों को प्रेषित की जाती हैं। इस प्रयास का उद्देश्य केवल पत्रिका का वितरण करना नहीं, बल्कि पूर्वोत्तर भारत की साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं बौद्धिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना तथा हिन्दी के माध्यम से पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच भावनात्मक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक एकता को सुदृढ़ करना है। यह पत्रिका राष्ट्रीय एकीकरण की भावना को भी सशक्त बनाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रही है।

'नेहू ज्योति' की संपादकीय नीति निष्पक्षता, मौलिकता तथा शैक्षणिक गुणवत्ता पर आधारित है। पत्रिका के मुख्य संरक्षक विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति होते हैं, जिनके संरक्षण एवं मार्गदर्शन में पत्रिका का समग्र संचालन होता है। पत्रिका को उत्कृष्ट स्वरूप प्रदान करने में संपादक मंडल, सलाहकार समिति, समीक्षकगण तथा हिन्दी प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। वर्तमान में पत्रिका के मुख्य संपादक प्रो. दिनेश कुमार चौबे हैं, जो विश्वविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष भी हैं। उनके कुशल नेतृत्व एवं संपादकीय दृष्टि के कारण पत्रिका की गुणवत्ता में निरंतर उन्नत हुई है तथा यह अकादमिक जगत में सम्मानपूर्वक स्थापित हो रही है। पत्रिका के प्रकाशन, संपादन, समन्वय तथा वितरण का संपूर्ण दायित्व हिन्दी प्रकोष्ठ, पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय, शिलांग द्वारा वहन किया जाता है।

पत्रिका में प्रकाशित प्रत्येक लेख, शोधपत्र, कविता, कहानी अथवा अन्य रचनाओं में व्यक्त विचार पूर्णतः संबंधित लेखक के निजी एवं स्वतंत्र विचार होते हैं। इन विचारों से संपादक, संपादक मंडल, सलाहकार समिति अथवा विश्वविद्यालय का सहमत होना आवश्यक नहीं है। यह व्यवस्था अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अकादमिक निष्पक्षता तथा वैचारिक विविधता के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए अपनाई गई है। साथ ही, संपादकीय मंडल का प्रयास रहता है कि पत्रिका में केवल मौलिक, तथ्यपरक एवं उच्च गुणवत्ता की सामग्री ही प्रकाशित हो।

आज 'नेहू ज्योति' केवल एक विश्वविद्यालयीय पत्रिका न रहकर हिन्दी भाषा, साहित्य, शोध, संस्कृति तथा पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध विरासत के प्रचार-प्रसार का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मंच बन चुकी है। भविष्य में आई.एस.एस.एन., राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अनुक्रमण (Indexing), ऑनलाइन संस्करण तथा शोध-आधारित विशेषांकों के माध्यम से इस पत्रिका को और अधिक प्रभावशाली बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विश्वास है कि 'नेहू ज्योति' आने वाले वर्षों में हिन्दी साहित्य, शोध एवं पूर्वोत्तर अध्ययन के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान को और अधिक सुदृढ़ करते हुए राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठा अर्जित करेगी।

- हिन्दी अधिकारी

हिन्दी प्रकोष्ठ

**संरक्षक**

**कुलपति, नेहू, शिलांग**

email- vcnehu@nehu.ac.in

**संपादक मंडल**

**प्रो. दिनेश कुमार चौबे**
हिन्दी विभाग, नेहू , शिलांग
dkchoubey@nehu.ac.in

**कुलसचिव**, नेहू, शिलांग
regtroffice@nehu.ac.in

**डॉ. अरुण कुमार सिंह**
विधि विभाग, नेहू, शिलांग
aksingh@nehu.ac.in

**डॉ. शरद कुमार कुलश्रेष्ठ**
पर्यटन विभाग, नेहू, शिलांग
shradkul@nehu.ac.in

**डॉ. साईनाथ विट्ठल चपले**
हिन्दी विभाग, नेहू, शिलांग
saichaple@nehu.ac.in

**डॉ. राजेन्द्र कुमार राम**
हिन्दी अधिकारी
hindiofficer@nehu.ac.in

**परामर्श मंडल**

**प्रो. भागीरथी पांडा**
अर्थशास्त्र विभाग, नेहू शिलांग
bpanda@nehu.ac.in

**प्रो. अरविंद कुमार सिंह**
जैव-रसायन विभाग, नेहू, शिलांग
arvnehu@nehu.ac.in

**प्रो. अमरेन्द्र कुमार ठाकुर**
इतिहास विभाग, नेहू शिलांग
akthakur@nehu.ac.in

**डॉ. एफ. सुमेर**
पुस्तकालयाध्यक्ष, केन्द्रीय पुस्तकालय, नेहू
librarian@nehu.ac.in

**श्री मुनीश सिंह**
निदेशक, आईसीसीआर, शिलांग
roshillong.iccr@nic.in

**प्रो. मिलन रानी जमातिया**
हिन्दी विभाग, त्रिपुरा विश्वविद्यालय
milanrani08@tripurauniv.ac.in

**प्रो. दिलीप कुमार मेधी**
हिन्दी विभाग, गौहाटी विश्वविद्यालय
dkmedhigu@gmail.com

**प्रो. पार्थ सारथी पाण्डेय**
क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय हिन्दी संस्थान
शिलांग केन्द्र
rdshillong1976@gmail.com

**संपादक एवं प्रकाशक का पता**

**हिन्दी प्रकोष्ठ, पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय**

प्रशासनिक भवन, नेहू परिसर, शिलांग-793022 (मेघालय)

दूरभाषः 0364-2721331, *email. nehujyoti@nehu.ac.in,*